**आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**19.05 शनिवार** **दिनांक 11.05.2024**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

1– राज्य सरकार ने सभी शासकीय विभागों में सीधी भर्ती के रिक्त पदों को भरने के लिए वित्त विभाग की अनुमति अनिवार्य की।

2– राष्ट्रपति ने छत्तीसगढ़ के रामलाल बरेठ को कत्थक नृत्य के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया।

3– छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में तेरह मई से सात जून तक ग्रीष्म अवकाश घोषित किया गया।

4– प्रदेश में अगले चौबीस घंटों में कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होने या गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना।

**<u>रिक्त पद–अनुमति</u>**

राज्य सरकार ने सभी शासकीय विभागों में सीधी भर्ती के रिक्त पदों को भरने के लिए वित्त विभाग की अनुमति अनिवार्य कर दी है। इसमें लोक सेवा आयोग के जरिए की जाने वाली सीधी भर्ती के रिक्त पदों के साथ अनुकम्पा नियुक्ति के पदों को छूट प्रदान की गई है। इसके साथ ही चालू वित्तीय वर्ष से लोक सेवा आयोग द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली संयुक्त राज्य सेवा परीक्षा में शामिल पदों को छोड़कर, विभागों में राज्य लोक सेवा आयोग के माध्यम से भरे जाने वाले अन्य पदों पर भर्ती शुरू करने के पूर्व वित्त विभाग की अनुमति आवश्यक की गई है।

**रामलाल बरेठ–पद्मश्री**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में जांजगीर–चाम्पा जिले के भंवरमाल गांव के रामलाल बरेठ को कत्थक नृत्य के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया। रामलाल बरेठ का जन्म छह मार्च उन्नीस सौ छत्तीस को हुआ था। श्री बरेठ की कत्थक नृत्य की शिक्षा पांच साल की उम्र में अपने पिता के सानिध्य में शुरू हो गई थी। पंडित रामलाल बरेठ नृत्य के अलावा तबला वादन और गायन में भी पारंगत हैं। तबला वादन की शिक्षा अपने पिता पंडित कार्तिकराम और पंडित जयलाल महाराज से ली और गायन की शिक्षा अपने पिता और उस्ताद हाजी मोहम्मद खां बांदावाले से ली है। उन्होंने अपनी कला का प्रदर्शन पूरे देश में अनेक स्थानों पर किया है। वे सतहत्तर वर्षों से कला साधना कर रहे हैं।

गौरतलब है कि रामलाल बरेठ और उनके पिता कार्तिकराम बरेठ, रायगढ़ राजघराने से जुड़े रहे और वहां कत्थक नृत्य सिखाते रहे। वे रायगढ़ के चक्रधर संगीत विद्यालय से भी जुड़े रहे। इससे पहले भी उन्हें कई पुरस्कार और सम्मान मिल चुके हैं।

**<u>राष्ट्रीय लोक अदालत</u>**

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली और छत्तीसगढ़ राज्य सेवा विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर द्वारा इस वर्ष आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की तिथियों में परिवर्तन किया गया है। इसके अनुसार ग्यारह मई को आयोजित होने वाला राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन अब तेरह जुलाई को किया जाएगा। इसी तरह, चौदह सितंबर को आयोजित होने वाला नेशनल लोक अदालत का आयोजन अब इक्कीस सितंबर को किया जाएगा।

**<u>उच्च न्यायालय–ग्रीष्म अवकाश</u>**

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में तेरह मई से सात जून तक ग्रीष्म अवकाश घोषित किया गया है। इस संबंध में हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार विनोद कुजूर ने आदेश जारी किया है। उच्च न्यायालय दस जून को फिर से खुलेगा।

ग्रीष्मावकाश अवधि के दौरान हाईकोर्ट के जजों को सुनवाई और केस दाखिल करने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। इस दौरान सभी सिविल, आपराधिक और रिट मामले दायर किये जाएंगे। किसी भी अति–आवश्यक मामले में अवकाशकालीन न्यायाधीश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की मंजूरी प्राप्त करने के बाद किसी अन्य न्यायाधीश के

साथ अपने आधिपत्य की स्थिति का आदान–प्रदान कर सकते हैं। अवकाशकालीन न्यायाधीश सुबह साढ़े दस बजे से डिवीजन बेंच कोर्ट की सुनवाई कर करेंगे। वहीं, गर्मी की छुट्टियों के दौरान शनिवार, रविवार और छुट्टियों को छोड़कर रजिस्ट्री रोजाना सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक खुली रहेगी।

**न्यायाधीश–शपथ**

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने न्यायमूर्ति राकेश मोहन पाण्डेय, न्यायमूर्ति सचिन सिंह राजपूत तथा न्यायमूर्ति राधाकिशन अग्रवाल को शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति राकेश मोहन पाण्डेय ने स्थायी जज के रूप में और न्यायमूर्ति सचिन सिंह राजपूत तथा न्यायमूर्ति राधाकिशन अग्रवाल ने एडिशनल जज के रूप में शपथ ली।

इस बीच, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने उच्च न्यायालय भवन में आर्काइव और म्यूजियम कक्ष का कल उद्घाटन किया। आर्काइव कक्ष में वर्ष अट्ठारह सौ उनयासी के दस्तावेज, सेन्ट्रल प्रोविजन्स व बरार का नक्शा, सेन्ट्रल प्रोविजन्स के अंतर्गत नागपुर उच्च न्यायालय से संबंधित दस्तावेज व भवन की सुंदर तस्वीर, संविधान समिति के सदस्यों की तस्वीरें भी हैं।

वहीं, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर के भवन की तस्वीर, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर की स्थापना से संबंधित राजपत्र की तस्वीर के साथ ही बहुत सी ऐतिहासिक तस्वीरें भी लगाई गई हैं। इस आर्काइव कक्ष से लोगों को छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय तथा न्यायिक व्यवस्था के संबंध में ज्ञानवर्धक जानकारी मिल सकेगी।

**खनिज सचिव–बैठक**

केंद्रीय खनिज सचिव व्ही.एल. कान्ता राव ने नवा रायपुर में राजस्व, पर्यावरण तथा खनिज विभाग के सचिव और खनिज विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर छत्तीसगढ़ में खनन गतिविधियों के सुचारू संचालन पर विचार–विमर्श किया। इस बैठक में प्रदेश के उद्योगों के प्रतिनिधियों के साथ विस्तृत चर्चा कर प्रदेश में खनन गतिविधियों की समीक्षा की गई।

बैठक में केन्द्रीय सचिव श्री राव ने कहा कि उत्खनन क्षेत्र में ग्रीन माईनिंग की नवीन तकनीक का उपयोग किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वीकृत खदानों को जल्द से जल्द ऑपरेशनल बनाने के लिए बिडर्स और संबंधित विभागों के बीच अधिक समन्वय से काम किया जाना चाहिए।

**माओवादी–मुठभेड़**

बीजापुर जिले के पीड़िया के जंगल में कल हुई माओवादी मुठभेड़ में मारे गए बारह माओवादियों में से दस की शिनाख्त कर ली गई है। ये माओवादी बस्तर, दरभा, मलांगिर और गंगालूर क्षेत्र में कमांडर के रूप में सक्रिय थे।

आज एक पत्रकारवार्ता में जिले के पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र यादव ने बताया कि इस इलाके में लगभग डेढ़ सौ सशस्त्र माओवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर सुरक्षा बल तलाशी अभियान निकले थे। सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच मुठभेड़ करीब बारह घंटे तक चली। मुठभेड़ के बाद बारह माओवादियों के शव बरामद किए गए। वहीं, तीन माओवादी इस मुठभेड़ में घायल हुए हैं, जिन्हें हिरासत में लिया गया है।

गोलीबारी में एक ग्रामीण भी घायल हुआ है, जिसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

मुठभेड़ के बाद इस इलाके से बीजीएल लांचर, बारह बोर की एक बंदूक, रायफल, भारी मात्रा में विस्फोटक, दवाईयां, माओवादी वर्दी और साहित्य बरामद किया गया है। सुरक्षा बलों ने अभियान के दौरान पीड़िया के जंगल में माओवादियों द्वारा स्थापित अस्थाई कैम्प को भी ध्वस्त कर दिया है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सुरक्षा बलों को गुमराह करने के लिए माओवादियों ने पुलिस की वर्दी भी अपने साथ रखी थी, जिसे मुठभेड़ के बाद जवानों ने बरामद कर लिया है।

**विजय बघेल–पत्रकारवार्ता**

भारतीय जनता पार्टी के सांसद विजय बघेल ने आज रायपुर में पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के स्वामी आत्मानंद स्कूल का नाम बदलने पर दिए गए बयान की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि स्वामी आत्मानंद स्कूल को पीएमश्री योजना के तहत समाहित करने की योजना है, इससे स्कूलों की गुणवत्ता में सुधार होगा। श्री बघेल ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री केवल लोगों को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वामी आत्मानंद स्कूल के नाम को विलुप्त नहीं किया जा रहा है। श्री बघेल ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर स्वामी आत्मानंद इंग्लिश माध्यम स्कूल के लिए बजट में प्रावधान नहीं करने का आरोप लगाया।

**जीएसटी–छापा**

स्टेट जीएसटी की टीम ने रायपुर के तीन कारोबारियों के यहां छापा मार कर करोड़ों रूपए की जीएसटी चोरी पकड़ी है। जीएसटी अधिकारियों ने ड्रीम डेकोरटर्स, फ्लावर स्टोरी और टेंट फैक्ट्री नाम से संचालित व्यावसायिक प्रतिष्ठानो की जांच की। इन प्रतिष्ठानों ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए करीब साढ़े चार करोड़ रूपए जीएसटी मौके पर ही जमा किया। साथ ही इनके पास से भारी मात्रा में टेंट, पर्दे और सजावटी वस्तुओं का अघोषित स्टॉक भी मिला। जिस पर अधिकारियों द्वारा टैक्स और ब्याज लगाया गया।

**समर स्पेशल ट्रेन**

रेलवे द्वारा पुणे और बालेश्वर के बीच एक फेरे के लिए समर स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। यह ट्रेन अट्ठारह मई को पुणे से बालेश्वर के लिए रवाना होगी। वहीं, बीस मई को बालेश्वर से पुणे के लिए वापसी करेगी। इस गाड़ी में कुल बाईस कोच उपलब्ध रहेंगे।

वहीं, छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल और बालेश्वर के बीच भी एक फेरे के लिए समर स्पेशल ट्रेन की सुविधा दी जा रही है।

**हल्बी/गोण्डी–समाचार बुलेटिन**

श्रोताओं, कल रविवार को **''हल्बी'' और ''गोण्डी''** बोली में समाचार बुलेटिन प्रसारित किए जाएंगे। ये दोनों बुलेटिन आकाशवाणी केन्द्र, जगदलपुर से प्रसारित किए जाएंगे। इन्हें बस्तर संभाग में सुना जा सकेगा। हल्बी में समाचार बुलेटिन सुबह साढ़े सात बजे से और गोण्डी में समाचार बुलेटिन शाम साढ़े छह बजे से प्रसारित किया जाएगा।

**जिले की चिट्ठी**

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी रायपुर द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम "जिले की चिट्ठी" का प्रसारण कल शाम छह बजकर पांच मिनट से छह बजकर दस मिनट तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे। इस बार के अंक में **''बलौदाबाजार''** जिले की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

**मौसम**

प्रदेश में कल कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होने या गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। वहीं, एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने तथा आकाशीय बिजली गिरने की आशंका है।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार एक द्रोणिका पश्चिमी उत्तरप्रदेश से दक्षिणी असम तक विस्तारित है। वहीं, एक द्रोणिका मराठवाड़ा से कोमोरान तक बनी हुई है। इसके प्रभाव से कल प्रदेश के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है।

**संक्षिप्त समाचार**

– गौरेला–पेंड्रा–मरवाही जिले में नकली सोना देकर ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के तीन सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ये तीनों आरोपी ओड़िशा के निवासी बताए जा रहे हैं। आरोपियों के पास से भारी मात्रा में नकली सोने चांदी के जेवर बरामद किए गए हैं।

– दंतेवाड़ा जिले के जवांगा के पास तेज रफ्तार बाइक और कार की टक्कर में बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>